भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4211

सोमवार, 22 मार्च, 2021/1 चैत्र, 1943(शक)

जगन्नाथ प्रसाद, भुवनेश्वर में अस्पताल

4211. श्रीमती मंजुलता मंडल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जगन्नाथ प्रसाद, भुवनेश्वर में सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है;

(ख) इसमें विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) परियोजना की कुल अनुमानित लागत कितनी है और परियोजना को कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जगन्नाथ प्रसाद, भुवनेश्वर में सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल के आर्किटेक्चरल एवं इंजीनियरिंग (एएण्डई) संबंधी कार्य सहित निर्माण कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को सौंप दिया है। योजना की संकल्पना तथा लागत अनुमान सीपीडब्ल्यूडी के साथ परामर्श करके तैयार किए जा रहे हैं।

****